न्यू नोएडा विकास योजना

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने **वर्ष 2041** तक आवासीय, औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढाँचे को बढ़ावा देने के लिये **न्यू नोएडा सिटी** के विकास को मंज़ूरी दी।

प्रमुख बिंदु

- **जगह:**
  - 209.11 वर्ग किमी में फैला, गौतम बुद्ध नगर **और बुलंदशहर ज़िलों** के 84 गाँवों को कवर करता है।
- **विशेषताएँ:**
  - आवासीय वितरण को संतुलित करना और भविष्य के विकास के साथ संरेखित करना।
  - सभी श्रेणियों, विशेषकर औद्योगिक श्रमिकों के लिये किफायती आवास।
  - औद्योगिक केंद्र, मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट हब (MMTH) **और** लॉजिस्टिक्स हब (MMLH)।
- **चरणबद्ध विकास:**
  - **चरण 1 (2024-2028): 1,432 हेक्टेयर क्षेत्र** में मुख्य सड़कों का विकास किया जाएगा।
  - **चरण 2 (2028-2034):** उत्तरी और दक्षिणी क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित; 3,136 हेक्टेयर क्षेत्र का विकास।
  - **चरण 3 (2033-2039):** वाणिज्यिक और औद्योगिक स्थान; 5,908 हेक्टेयर का विकास।
  - **चरण 4 (2037-2043):** औद्योगिक, सार्वजनिक स्थानों और आवासीय क्षेत्रों को अंतिम रूप देना।

मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (MMLP)

//



- **परिचय:**
    - **'हब एंड स्पोक' मॉडल** के तहत विकसित MMLP राजमार्गों, रेलवे और अंतर्देशीय जलमार्गों के माध्यम से माल परिवहन के विभिन्न तरीकों को एकीकृत करेगा।
    - **मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क परियोजना** विभिन्न प्रकार की वस्तुओं के लिये बड़े पैमाने पर अत्याधुनिक वेयरहाउसिंग सुविधाओं को विकसित करने के लिये तथा वेयरहाउसिंग, कस्टम क्लीयरेंस, पार्किंग, ट्रक के रखरखाव जैसी कार्गो आवाजाही से संबंधित सभी सेवाओं के लिये वन स्टॉप सॉल्यूशन बनने की ओर अग्रसर है।
        - इसमें **गोदाम, रेलवे साइडिंग, कोल्ड स्टोरेज, कस्टम क्लीयरेंस हाउस, यार्ड सुविधा, वर्कशॉप, पेट्रोल पंप, ट्रक पार्किंग, प्रशासनिक भवन, बोर्डिंग लॉजिंग, ईटिंग जॉइंट, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट** आदि सभी सुविधाएँ होंगी।
- **कार्य:**
    - MMLP अत्याधुनिक माल प्रबंधन प्रणाली के लिये **प्रौद्योगिकी आधारित कार्यान्वयन** पर ध्यान केंद्रित करेगा।
        - इन परियोजनाओं में पैकेजिंग, रीपैकेजिंग और लेबलिंग जैसी विभिन्न मूल्यवर्धित सेवाएँ उपलब्ध होंगी।
    - MMLP अन्य संबद्ध सुविधाओं के साथ **मशीनीकृत सामग्री हैंडलिंग और मूल्य वर्धित सेवाओं के लिये माल ढुलाई की सुविधा** होगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-noida-development-plan